EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

भारत लोक शिक्षा परिषद्

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
19वां संस्करण

## ABPM विशेषांक

जनवरी – मार्च, 2023

# अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल (ABPM)- 2023




एकल अभियान की गति को और मजबूत करने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् एवं एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के सहयोग से 24-26 फरवरी 2023 तक तेरापंथ भवन, छतरपुर, दिल्ली में अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल (ABPM) के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया | तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान मुख्यतः – CYC की बैठक और प्रभाग कार्यकारी मण्डल की बैठक (24.02.2023); उद्घाटन सत्र, विभिन्न आयामों के द्वारा प्रस्तुतीकरण, प्रभागों द्वारा गतशः चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम (25.02.2023); समापन सत्र और CEC बैठक (26.02.2023) की गई |

इस बैठक में एकल अभियान के सम्पूर्ण भारत के 27 संभागों से लगभग 300 प्रमुख प्रतिनिधियों (पदाधिकारी, समिति सदस्य, सेवाव्रती, कार्यकर्ता) ने भाग लिया | बैठक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उसे आठ सत्रों में विभाजित किया गया था तथा सभी सत्रों में अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई |

अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों, भावी योजनाओं, मुक्त चिंतन, संघ विचार, वृत्त निवेदन, प्रभाग गटशः परिचय बैठक एवं आंतरिक संकट सहित अभियान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा था |

## ABPM- 2023, कार्यक्रम की रूपरेखा



ABPM का आयोजन BLSP और EGF द्वारा किया गया। व्यवस्था की जिम्मेवारी दिल्ली एकल परिवार की रही, जो कि सभी ने पूर्ण रूप से निभाई। व्यवस्था के लिए एक मार्गदर्शक मण्डल एवं 13 विभाग (जैसे - आवास, यातायात, जलपान, भोजन इत्यादि) बनाए गए|

इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए एवं इसे पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए समय-समय पर कई बैठकें भी की गई, जिसमें कार्य योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गयी|

## ABPM – 2023, प्रतिनिधियों का स्वागत











सभी प्रतिनिधियों के लिए रजिस्ट्रेशन, कमरे की चाभियाँ एवं किट प्रदान करने की समुचित व्यवस्था की गयी | उनका तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

इस बैठक में भारत के विभिन्न प्रान्तों से आये हुए प्रतिनिधियों के मध्य भाषा, पहनावा, रहन-सहन में भिन्नता होने के बावजूद विविधता में एकता का अनूठा संगम दिखाई दिया जो आपसी प्रेम और स्नेह का परिणाम था और यही हिंदुत्व की मूल आत्मा है और एकल की पहचान भी|

## ABPM – 2023, दीप प्रज्वलन

बहनों द्वारा दीप प्रज्वलन करके सनातन परम्परा के अनुसार ABPM बैठक का शुभारम्भ किया गया। देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए प्रतिनिधियों ने तीन दिवसीय इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से लोगों को परिचित कराया और संगठन को मजबूत करने में आने वाली समस्याओं पर गंभीर रूप से चर्चा कर उसके निदान एवं विकल्पों पर चर्चा की।



## प्रभाग कार्यकारी मण्डल (PKM) की बैठक (24.02.2023)




सभी प्रभागों से आये, समिति सदस्यों ने अपने- अपने अनुभवों को साझा किया। विचार विमर्श के  दौरान कुछ सकारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए जैसे कि समिति व कार्यकर्ताओं में गैप को भरने के लिए प्रवास जरूरी, लाइब्रेरी शुरु करनी चाहिए, सामान्य ज्ञान व लेख पुस्तक, विद्यालय में देनी चाहिए, अंचल प्रमुख योजना को आगे बढ़ाए, कार्यकर्ता को अपना बच्चा माने आदि।





माननीय श्री श्याम जी गुप्त ने समिति सदस्यों को आवाहन किया कि वह प्रति माह कम से कम पाँच दिन समिति सदस्यों के घरों में प्रवास करें और उनके परिवारजनों से मित्रता करें, उनके परिवार से संपर्क करें। उन्होंने कहा - संघ में जीवन बोलता है, आंखें बोलती है, मुंह नहीं। एकल को महिला आंदोलन बनाए।

## अखिल भारतीय प्रतिनिधि मण्डल (ABPM ) की बैठक (25.02.2023)

बैठक का उद्घाटन बहनों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया | उसके उपरांत श्री राजेश गोयल जी (अध्यक्ष, CEC एकल अभियान) ने प्रस्तावना दी, श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड BLSP एवं EGF) ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया एवं माननीय श्री श्याम जी गुप्त जी (प्रणेता एवं संस्थापक सदस्य, एकल अभियान) ने सभी को अपने आशीर्वचन से अभिशिंचित किया | उद्घाटन सत्र के पश्चात विभिन्न आयामों के द्वारा कार्ययोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया, प्रभागों द्वारा गटशः चर्चा की गयी और अंत में एकल सुरताल टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को अभिभूत कर दिया | इस बैठक का संचालन श्री खेमानंद सापकोटा जी (सह अभियान प्रमुख) ने बड़ी ही कुशलता के साथ समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से किया |

## प्रस्तावना - श्री राजेश गोयल जी (अध्यक्ष, CEC एकल अभियान)




"मैं परम पिता परमेश्वर का कृतज्ञ हूं कि माननीय श्याम जी के साथ बैठने का अवसर प्राप्त हुआ है। संगठन में समन्वय हो, यही हम सबका प्रयास है। राष्ट्र निर्माण में और धर्म के क्षेत्र में एकल बहुत बड़ा कार्य कर सकता है और कर रहा है। लोगों की उम्मीदें हमसे बढ़ रही हैं इसलिए हमारी जिम्मेदारी और भी बड़ी हो जाती है।

मैं वर्ष 2013 से एकल से जुड़ा हुआ हूं, एकल के विभिन्न आयामों में कई पदों पर कार्य करने का अनुभव मुझे मिला है। माननीय श्याम जी ने इस अभियान को यहां तक लाया है उसे इससे भी आगे ले जाने का भरोसा आज उनको हम सब दिलाएं | उन्होंने कहा कि त्याग जितना बड़ा होगा व्यक्ति उतना ही बड़ा बनेगा। वरिष्ठ जनों को शिव की भांति विष पीना पड़ता है।"

## अध्यक्षीय उद्बोधन - श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन,ट्रस्ट बोर्ड, BLSP एवं EGF



"यहाँ पर बैठे हुए नगर संगठन एवं ग्राम संगठन के सभी लोग एक सामान्य कार्यकर्त्ता की तरह ही हैं, यहाँ कोई छोटा बड़ा नही है, पद तो केवल व्यवस्था को संचालित करने के लिए बनाये गये हैं | इस तरह के भाव जब हमारे अन्दर आएंगे, हमें अपने लक्ष्य को पूर्ण करने से कोई नही रोक सकता है |

आधुनिक विकास के इस युग में सही जानकारी एवं कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए तकनीकी का सहारा लेना आवश्यक है | भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा गूगल एप बनाया गया है और यह पूरी तरह से लागू भी कर दिया गया है | एकल की प्रत्येक संस्था को गूगल एप लागू करना चाहिए |"

## आशीर्वचन - माननीय श्री श्याम जी गुप्त (प्रणेता एवं संस्थापक सदस्य, एकल अभियान)




"हम सबका समर्पण समान है, चाहे वह कार्यकर्त्ता हो या पदाधिकारी, हमें संगठन को मजबूत करने के लिए स्वभाव को सहन करना पड़ता है। आज हम यहाँ तक पहुंचे है यह प्रत्येक कार्यकर्त्ता के लगन और परिश्रम का ही परिणाम है |

उन्होंने कहा कि मैं यह देखकर आज प्रसन्न हूं कि अभियान की बागडोर सक्षम युवाशक्ति के हाथों में सुरक्षित है, हमारे मातृ संगठन के संपर्क अधिकारी के रूप में श्री आलोक जी के अनुभव का लाभ अभियान को मिलेगा।"

# एकल के विभिन्न आयामों द्वारा कार्यों और भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण

बैठक में सभी आयामों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं का विवरण पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया | एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया से श्री अशोक अरोड़ा जी, भारत लोक शिक्षा परिषद से श्री नीरज रायजादा जी एवं श्री अखिल गुप्ता जी, एकल संस्थान से श्री प्रवीण आर्य जी, वनबन्धु परिषद से श्री घनश्याम दास मुंदड़ा जी, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन से श्री राकेश बंसल जी, एकल श्री हरि से श्री अनिल मानसिंगका जी, एकल ग्राम संगठन से श्री कपिल भाटिया जी, एकल रथ से श्री बुलाकी दास मीमानी जी, महिला विभाग से श्रीमती नीरा सिंह जी, आरोग्य से श्री दीप कुमार जी, एकल ग्लोबल से श्री प्रेम आसुदानी जी, एकल फ्यूचर से श्री दुर्गेश त्रिपाठी जी, गौ ग्राम योजना से श्री अशोक हमराही जी, अभियान कार्यालय से श्री अभिजीत कुमार जी, जीएसएम से श्री मनोज मिश्र जी एवं डा.ललन शर्मा जी ने एकल अभियान के विभिन्न आयामों द्वारा किये जा रहे कार्यों और योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। एकल अभियान के केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख श्री ललन जी शर्मा ने अभियान की गत 33 वर्ष की उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त संगठन के भावी योजना, मुक्त चिंतन, संघ चिंतन के विषयों को भी समाहित किया गया।



BLSP - राष्ट्रीय प्रधान श्री नीरज रायजादा जी



BLSP - राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी




एकल अभियान - श्री ललन शर्मा जी



EVFI- श्री अशोक अरोड़ा जी



FTS - श्री घनश्याम दास मुंदड़ा जी



EGF - श्री राकेश बंसल जी

## एकल के विभिन्न आयामों द्वारा कार्यों और भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण




आरोग्य योजन- श्री दीप कुमार जी




EGS- श्री कपिल भाटिया जी




महिला विभाग, ग्राम संगठन - श्रीमती नीरा सिंह जी



एकल फ्यूचर -श्री दुर्गेश त्रिपाठी जी




एकल ग्लोबल फाउंडेशन - श्री प्रेम आसुदानी जी



एकल संस्थान - श्री प्रवीण आर्या जी




एकल श्री हरि - श्री अनिल मानसिंगका जी



एकल रथ - श्री बुलाकी दास मीमानी जी

# एकल के विभिन्न आयामों द्वारा कार्यों और भविष्य की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण




एकल अभियान, खेल- कूद समारोह
श्री मनोज मिश्रा जी




अभियान कार्यालय - श्री अभिजीत कुमार जी




गौ ग्राम योजना - श्री अशोक हमराही जी



**श्री कमलकांत शर्मा जी (अध्यक्ष, एकल ग्राम संगठन)** - CRPF के पूर्व महानिदेशक ने देश की आंतरिक एवं बाह्य दोनों प्रकार की सुरक्षा कैसे करनी होती है और कैसे आतंकवादियों का सामना करना पड़ता है, उसका संक्षिप्त में उल्लेख किया।



**श्री रमेश शाह जी (एकल USA)** ने बताया कि "एकल अभियान आज भारत का ही नहीं बल्कि विश्व के एक बड़े अभियान के रूप में कार्य कर रहा है जिसका उद्देश्य केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि अपने सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा भी है।"



"सुदृढ़ नारी शक्ति ही है हमारा सांस्कृतिक संबल, ऐसे ही भावों को प्रकट किया **श्रीमती गार्गी चौहान जी (अध्यक्षा, P5)** ने, एक लघु कविता के माध्यम से -
"आया समय उठो तुम नारी, युग निर्माण तुम्हें करना है। आजादी की खुदी नींव में, तुम्हें प्रगति पत्थर भरना है। अपने को कमजोर ना समझो, जननी तुम संपूर्ण जगत की। गौरव हो अपनी संस्कृति की, आहट हो स्वर्णिम आगत की। तुम्हें नया इतिहास देश का, अपने कर्मों से रचना है।"



प्रेजेंटेशन देखते हुए गणमान्य प्रतिनिधि



प्रेजेंटेशन देखते हुए गणमान्य प्रतिनिधि



प्रेजेंटेशन देखते हुए गणमान्य प्रतिनिधि



प्रेजेंटेशन को समझते हुए महिला विभाग



**श्री सुरेंद्र कुमार जिंदल (ट्रस्टी, BLSP)** ने कहा कि “हमें श्याम जी के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। हमारा शीर्ष निष्पक्ष है इसलिए आज हम इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। जब हम जनहित की बात करते है तो एकल से अच्छा प्लेटफार्म हमें नही मिलता है। एकल के प्रयास से हिंदुओं का मनोबल बहुत बढ़ा है। हमें अपने गांवों को खेल के माध्यम से जोड़ना चाहिए, यह लोगों को जोड़ने का सबसे अच्छा माध्यम है। मुश्किलें आती हैं लेकिन वे एकल के माध्यम से हल हो जाती हैं। हम डिजिटल युग में प्रवेश कर चुके हैं और अब हमें पूरी तरह से पेपरलेस काम करना चाहिए।”




**श्री नरेश जैन जी (ट्रस्टी, BLSP & EGF)** ने कहा कि “समस्या का निदान करें तभी आगे बढ़ना संभव है| स्थाई संस्था ग्राम में केवल एकल है |”



**श्री नरेश कुमार जी (ट्रस्टी, BLSP)** ने कहा कि “हमें अभियान के कार्यों को आगे बढ़ने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग अधिक से अधिक करना चाहिए |”



**श्री प्रदीप गोयल जी (अध्यक्ष, एकल अभियान ट्रस्ट)** ने कहा कि “एक भारत श्रेष्ठ भारत” है। 12 आयाम है, पर एकल एक कैसे करें, इस पर विचार करना है। 1 अप्रैल, 2023 से आदर्श संच बनाने हैं।”



**श्री खेमा नंद सापकोटा जी (सह अभियान प्रमुख) -** “सह अभियान प्रमुख श्री खेमा नंद जी ने आंतरिक संकटों से सदन को आगाह करते हुए कहा कि "हमने आत्मा को देह की सीमाओं से परे समझकर मृत्यु की छाती पर तांडव किया है, हम उस संस्कृति के वाहक हैं जो सिंह के जबड़े को फाड़कर उसके दांत गिनने का साहस रखते हैं। श्री खेमा नंद जी ने PFI के जिहादियों का "भारत में मिशन इस्लाम 2047" प्लान भी समझाया।”

## हास्य योग कार्यक्रम




BLSP के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी हास्य योग कराते हुए

**भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी** ने ABPM बैठक में उपस्थित सभी को हास्य योग कराया, उसके लाभ एवं महत्व के बारे में सभी को बताया |

## सभी प्रभागों के प्रतिनिधियों - नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं सेवाव्रतियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर गटशः चर्चा

P1



P2



P3



P4



P5



P6



P7



P9



P10



P11





**एकल अभियान के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक माननीय श्री श्याम जी गुप्त का आशीर्वाद समस्त एकल अभियान को मिला।** इस अवसर पर माननीय श्री श्याम जी ने उड़ीसा के अपने प्रचारक जीवन के प्रसंगों और पूज्य लक्ष्मणानन्द जी के साथ किये गये संगठन कार्यों के संस्मरण साझा किया।

34 साल हो गए लेकिन आज भी हम जातिवाद को समाप्त नही कर पाए। जो हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी, परन्तु अब हम और इन्तजार नहीं कर सकते, हम सबको इसके लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह देखकर आज प्रसन्न हूं कि अभियान की बागडोर सक्षम युवा शक्ति के हाथों में सुरक्षित है, हमारे मातृ संगठन आरएसएस से संपर्क अधिकारी के रूप में उपलब्ध आलोक जी के अनुभव का लाभ अभियान को मिलेगा।

**माननीय श्याम जी ने नए दायित्वों की घोषणा भी की और इन पांच लोगों को एकल का पंच परमेश्वर कहा और कहा कि ये पांच परमेश्वर मिलकर एकल अभियान चलाएंगे - श्री माधवेंद्र सिंह जी, श्री राजेश गोयल जी, श्री ललन शर्मा जी , श्री दीप कुमार जी एवं श्री खेमा नंद जी।**









# एकल सुर ताल टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम- 25 फरवरी, 2023


















ABPM की बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें एकल सुर ताल टीम के कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। जिसका सभी ने खूब आनंद लिया इस बैठक में शामिल सभी प्रतिनिधियों ने सुर ताल टीम के साथ डांस भी किया।

## माननीय श्री आलोक कुमार जी
### (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक व अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख)




माननीय आलोक कुमार जी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए

बैठक के समापन सत्र में माननीय श्री आलोक कुमार जी ने दिशाबोध स्वरूप संघ चिंतन को सभी के समक्ष रखते हुए अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने कहा कि संघ कहता नहीं है करता है, संघ कभी भी चुनौतियों से पीछे नहीं हटा, हर परिस्थिति का डटकर सामना करता रहा चाहे कश्मीर में धारा 370 का मामला हो या छत्तीसगढ़ का नक्सली प्रभाव ग्रस्त दंतेवाड़ा हो या श्री राम जन्मभूमि मंदिर विवाद हो, परिणामस्वरूप 1991 के बाद से परिस्थितियां बदलीं और आज देश बहुत सुखद स्थिति में है।

आज हम हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में हैं, ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आम आदमी का जीवन स्तर हर क्षेत्र में स्थितियां अनुकूल और अच्छी हैं। एकल अभियान के संदर्भ में उन्होंने उल्लेख किया कि देश में एकल एकमात्र ऐसा संगठन है जिसमें अत्यधिक सम्पन्न व्यक्ति भी हैं तो सबसे निर्धन व्यक्ति भी एकल में हैं। बड़े से बड़े शहर का व्यक्ति एकल में हैं, तो छोटे से छोटे गांव का व्यक्ति भी एकल में है, उन्होंने कहा कि एकल एकमात्र ऐसा संगठन है जो देश के 70 प्रतिशत वनवासी क्षेत्र तक अपना जीवंत संपर्क बनाये हुए है, उन्होंने एकल की लेखा जोखा पद्धति को भी पारदर्शी बताया। माननीय आलोक कुमार जी ने महिला एवं सामाजिक सुरक्षा पर हो रहे कार्यों व उपायों पर भी प्रकाश डाला।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल में चर्चा का केंद्र बिंदु यह रहा कि जबतक देश के प्रत्येक गांव का हर बच्चा शिक्षित नही हो जाता तब तक देश का विकास नही हो सकता | देश के प्रत्येक गांव में ग्राम समितियों के निर्माण व गांव के विकास में उनकी अहम भूमिका है | इसलिए गाँवों को स्वावलंबी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे आने वाले समय में 4 लाख गांवों में रहने वाले 40 करोड़ समाज राष्ट्रनिर्माण में योगदान दे सकें |

## समापन सत्र (26.02.2023)




राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी धन्यवाद् ज्ञापन देते हुए

### धन्यवाद् ज्ञापन

श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री BLSP द्वारा सभी आयामों के समिति सदस्यों और कार्यकर्ताओं का अखिल भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सहयोग एवं सक्रिय भाग लेने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया गया।

# संदेश



**अखिल गुप्ता**
**कार्यकारी प्रधान,**
**BLSP**

यह बड़े हर्ष का विषय है कि भारत लोक शिक्षा परिषद् नित नए कीर्तिमान स्थापित करता रहा है, एकल सन्देश का ABPM विशेषांक प्रकाशित हो रहा है। जो संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेगा। मुझे ABPM के प्रभारी के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ यह मेरे लिए बड़े ही गौरव की बात है।

एकल अभियान की स्थापना शिक्षित, स्वस्थ, संस्कारित और समर्थ भारत की परिकल्पना के साथ की गई है। भारत लोक शिक्षा परिषद् एकल अभियान के इस पुनीत कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रण-प्राण से जुटा हुआ है।

भारत लोक शिक्षा परिषद् एवं एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल (ABPM) बैठक में शिक्षित और समर्थ भारत के नवनिर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर सफलतापूर्वक चर्चा हुई, जिसमें एकल अभियान के वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद और छोटों का स्नेह प्राप्त हुआ।

मेरा आप सभी से निवेदन है हम सब एकल अभियान के साथ तन-मन- धन से सहयोग करें।

# भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा धन्यवाद




ABPM में शामिल नगर संगठन एवं ग्राम संगठन के सभी बंधुओं का धन्यवाद् करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी

अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल की बैठक की अपार सफलता के बाद सोमवार, 27 फरवरी 2023 को एकल भवन पीतमपुरा, दिल्ली में भारत लोक शिक्षा परिषद् की ओर से नगर संगठन एवं ग्राम संगठन के सभी बंधुओं और सेवाव्रतियों का हार्दिक धन्यवाद किया गया।

माननीय श्री श्याम जी गुप्त ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल की बैठक की अपार सफलता के लिए सभी को बधाई दी एवं अपना आशीर्वाद प्रदान किया|

माननीय श्री श्याम जी गुप्त ने भारत लोक शिक्षा परिषद की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि सभी समिति सदस्य ने बिना अहंकार के, प्रतिनिधियों की देखभाल की, जहाँ स्नेह होता है वहां सफलता अवश्य मिलती है|

माननीय श्री श्याम जी गुप्त द्वारा एकल भवन में तुलसी का पौधा लगाया और सभी को होली की शुभकानाएं भी दी|



माननीय श्री श्याम जी गुप्त, एकल भवन में तुलसी का पौधा लगाते हुए

# चैप्टर द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम

## पूर्वी दिल्ली चैप्टर - भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 7 जनवरी 2023, दिल्ली



भजन संध्या कार्यक्रम में पूर्वी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की ओर से श्रीमती रजनी चवला जी एवं श्रीमती वाणी अरोडा जी ने भाव विभोर करने वाले भजन सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया | साथ ही एकल श्रीहरि के कलाकारों द्वारा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया | श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी के सानिध्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ |

### श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड)-

“हिन्दू समाज एक है, एक रहना चाहिए, इसके अन्दर अलग-अलग समाज कुछ नही रहना चाहिए, आज एकल किसी जाति को देखकर शिक्षा नही दे रहा हैं, एकल राष्ट्रनिर्माण के लिए शिक्षा दे रहा है, आपसे निवेदन है कि एकल को जानिए, परखिये और एकल से जुड़िये|”





### श्री योग ध्यान आहूजा जी (संरक्षक, पूर्वी दिल्ली चैप्टर)

“हमें एकल को सारे भारत से जोड़ना हैं, दुनिया में जहां जहां पर हिंदू समाज है उसको भी जोड़ना है, आज विदेशों में जो भारतीय रहते हैं वह भी एकल अभियान के कार्यों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं|”

### उपलब्धियां -

- कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया
- पहली बार एक साथ भजन संध्या एवं एकल का प्रेजेंटेशन दिया गया | जिसकी सभी ने खूब तारीफ की |
- चैप्टर की महिला समिति का सर्वाधिक योगदान रहा |
- एकल विद्यालय के लिए सहयोग की स्वीकृति भी प्राप्त हुई |

# पश्चिमी दिल्ली चैप्टर – कवि सम्मेलन, रविवार, 8 जनवरी 2023, दिल्ली



स्वामी विवेकानंद जी जयंती के उपलक्ष्य में बहुत ही भव्य "कवि सम्मेलन" का आयोजन पश्चिमी दिल्ली चैप्टर के ट्रस्टी प्रभारी श्री सुभाष अग्रवाल जी के नेतृत्व में एवं सम्पूर्ण टीम के अथक प्रयास से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी|

यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि इस कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे एकल के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने में मदद मिली| इस कार्यक्रम में कुल 5790 एकल विद्यालयों के सहयोग की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसमें महाशतकवीर (1000 विद्यालय का सहयोग), शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग) एवं अन्य दानदाताओं का भी सहयोग रहा| सभी को पटके पहनाकर एवं एकल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया |





श्री गजेन्द्र सोलंकी जी ने बड़े उत्साह के साथ मंच का संचालन किया| प्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पंवार जी एवं श्री योगेन्द्र शर्मा जी ने राष्ट्रवाद और वीर रस की कविता सुनाकर सभी में जोश एवं उत्साह भर दिया | श्री अरुण जैमिनी जी ने अपने काव्य पाठ से सभी को खूब हंसाया| डॉ. रूचि चतुर्वेदी एवं डॉ. पूनम वर्मा जी ने समाज की दशा पर कविता सुनाकर सभी को भावविभोर किया |

## उपलब्धियां -

- इस कार्यक्रम में 1 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया |
- चैप्टर द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा इवेंट है |
- इस कार्यक्रम में कुल 5790 एकल विद्यालयों के सहयोग की स्वीकृति प्राप्त हुई |
- इसमें दो महाशतकवीर (1000 विद्यालय का सहयोग) एवं 8 शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग) प्राप्त हुआ |
- अन्य दानदाताओं का भी सहयोग रहा |
- एकल विद्यालय के संचालन की लाइव प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा |
- एकल ऑन व्हील्स आकर्षण का केंद्र रहा |

# दक्षिणी दिल्ली चैप्टर- कवि सम्मेलन, रविवार, 22 जनवरी, 2023, दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है | जिसका उद्देश्य चैप्टर डेवलपमेंट, धन संग्रह एवं अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ना तथा अति पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले समाज के बच्चों को शिक्षित करने के लिए लोगों को प्रेरित करना था | मुख्य अतिथि के रूप में श्री बसंत बंसल जी (Chairman, M3M Group) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी |इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया |

इस कार्यक्रम में लगभग 2500 एकल विद्यालयों के सहयोग की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसमें महाशतकवीर (1000 विद्यालय का सहयोग), शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग) एवं अन्य दानदाताओं का भी सहयोग रहा| सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया |







श्रीमती ऐश्वर्या बंसल, M3M Group (एकल दानदाता) - "एक मजबूत समाज बनाने के लिए अच्छी शिक्षा, अच्छी सेहत एवं पोषण की जरूरत है| भारत लोक शिक्षा परिषद् ने गांव में और खासकर आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा का एक नया स्तर कायम किया है, जिससे गांव शिक्षा का निरंतर विस्तार हो रहा है| अगर समाज में एक संभ्रांत परिवार एक बच्चे की शिक्षा का बोझ उठा ले तो समाज में कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं रहेगा |"

## उपलब्धियां -

- इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया |
- इसमें दो महाशतकवीर (1000 विद्यालय का सहयोग) बने |
- कुछ शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग ) का भी सहयोग प्राप्त हुआ |
- कई छोटे दानदाताओं का भी सहयोग रहा |
- दानदाताओं को दिए जाने वाला मोमेंटो बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक रहा |

# CSR विभाग द्वारा एकल CSR Meet का आयोजन, 3 फरवरी 2023




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुधांशु त्रिवेदी (सांसद, राज्यसभा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, बीजेपी) जी रहे | इसमें PSU's और कॉर्पोरेट, भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड, मैनेजिंग कमेटी, सीएसआर विभाग के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया |

### मुख्य अतिथि डॉ. सुधांशु त्रिवेदी
**सांसद, राज्यसभा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, बीजेपी**

"एकल आदिवासी परिवारों को शिक्षित कर रहा है, संस्कारित कर रहा है आज बनवासी समाज हमारे मूल संस्कृति से जुड़े हुए हैं तो उसमें एकल जैसी संस्थाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है | एकल केवल शिक्षा ही नही दे रहा है बल्कि संस्कार भी दे रहा है और उस संस्कृति की रक्षा भी कर रहा है |"






### श्री सुभाष सी. अग्रवाल
**(ट्रस्टी एवं चेयरमैन, सी.एस.आर. विभाग)**

"एकल आदिवासी क्षेत्रों में विद्यालय का संचालन कर रहा है, जहाँ पर बेसिक रीडिंग, राइटिंग एवं संस्कार शिक्षा दी जाती है | आप सभी से अनुरोध है कि आप भी इस पुनीत कार्य में अवश्य जुड़ें|"

## उपलब्धियां -

- इस कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया |
- एक शतकवीर (100 विद्यालय का सहयोग ) का भी सहयोग प्राप्त हुआ |
- इस कार्यक्रम में लगभग 200 एकल विद्यालयों का सहयोग प्राप्त हुआ |
- CSR टीम के प्रयास से बहुत से नए लोग एकल के साथ जुड़े और सहयोग की इच्छा भी व्यक्त की |
- CSR के माध्यम से CA, PSU, कॉर्पोरेट से अधिक से अधिक सहयोग हेतु प्रयास किया गया |

# युवा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

## BLSP के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एकल फ्यूचर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन, 12 जनवरी 2023




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चाएं, भविष्य की योजनाओं पर चर्चा, एकल से होने वाले परिवर्तनों को जानना, एकल में युवाओं की भूमिका एवं एकल अभियान से युवाओं को जोड़ना था | देश का युवा राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे इस विषय पर भी चर्चा हुई |

मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड, BLSP) एवं विशिष्ट अतिथि श्री डी.के सर्राफ जी (ट्रस्टी, BLSP) श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री,BLSP), श्री दुर्गेश त्रिपाठी जी (एकल फ्यूचर) रहे |

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा युवा विभाग को दिलाई गयी शपथ, 26 जनवरी 2023

इस कार्यक्रम लगभाग 100 लोगों ने भाग लिया | इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकल में युवा की भागीदारी को बढ़ाना और अधिक से अधिक युवाओं को एकल युवा से जोड़कर शिक्षा के इस मिशन को आगे बढ़ाना था ताकि सामाजिक कार्यों में युवाओं की भी भूमिका बढ़ सके, साथ ही एकल के विजन और मिशन के साथ एकल का लक्ष्य भी पूर्ण हो सके | इसके लिए एकल युवा की टीम का गठन किया गया | साथ ही सेवा और समर्पण के भाव से कार्य करने हेतु पूरी टीम ने सामूहिक रूप से शपथ ली |




## भारत लोक शिक्षा परिषद्, युवा विभाग द्वारा ग्रामोत्थान रिसोर्स सेंटर, गजरौला की फनयात्रा (वनयात्रा), 19 मार्च 2023



इस यात्रा में ग्रामोत्थान रिसोर्स सेंटर के पदाधिकारी एवं ग्राम समिति के बंधुओं के साथ बैठक की गई। जिसमें एकल से गांवों में होने वाले परिवर्तनों के बारे में चर्चा को गई। इसके अलावा ग्रामोत्थान के कार्य प्रणाली के बारे में युवा टीम ने समझने को कोशिश की। वहां पर सभी ने कंप्यूटर लैब, एकल ऑन व्हील्स, सिलाई सेंटर, जैविक खेती को भी देखा और समझा।

भारत लोक शिक्षा परिषद, युवा विभाग एवं सोशल मीडिया की टीम ने सेंटर में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों से उनके जीवन में होने वाले परिवर्तनों को भी जानने की कोशिश की।

## भारत लोक शिक्षा परिषद्, मैनेजिंग कमेटी की बैठक



भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को मैनेजिंग कमेटी की बैठक की जाती है, जिसमें ट्रस्ट बोर्ड, मैनेजिंग कमेटी, चैप्टर के सदस्य एवं विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि शामिल होते हैं |



भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित मासिक बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाती हैं | इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यों का संचालन प्रबंधन और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना होता है |

## सेंट्रल दिल्ली चैप्टर, वनयात्रा – शामली, 15 जनवरी 2023



संभाग पश्चिम उत्तर प्रदेश के भाग सहारनपुर के अंतर्गत चलने वाले अंचल शामली के विद्यालय ग्राम गंदेवडा और कोलाखेड़ी एकल विद्यालय ग्रामों में वनयात्रा का कार्यक्रम श्री पवन अग्रवाल जी (प्रधान, सेंट्रल दिल्ली चैप्टर,BLSP) के नेतृत्व में संपन्न हुआ | इसमें BLSP, सेंट्रल दिल्ली चैप्टर के कुल 30 लोगों ने भाग लिया, जिसमें से अधिकांश लोग नए थे |

इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे एकल विद्यालयों की संचालन प्रणाली को समझना, विद्यालयों का प्रत्यक्ष दर्शन करना, नए सदस्यों को जोड़ना, समिति सदस्यों को सक्रिय करना, समिति एवं कार्यकर्त्ता बंधुओं के साथ बैठक करना था |

वनयात्रा से प्रभावित होकर श्री आदेश जैन जी ने एक बच्ची के आजीवन शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया | एवं उनके प्रयास से 10 एकल विद्यालय का सहयोग भी प्राप्त हुआ | सभी वनयात्री, ग्रामवासियों के प्रेम भाव को देखकर आनंदित हुए, साथ ही विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन देखकर वनयात्री अति प्रसन्न हुए एवं अधिक दान करने तथा दोबारा विजिट करने के लिए प्रोत्साहित हुए |



# दक्षिणी एवं केन्द्रीय उत्तर प्रदेश संभागों में प्रवास





**भारत लोक शिक्षा परिषद के श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला विभाग) ने 01-04 मार्च 2023 को प्रभाग P-4 के दक्षिणी एवं केन्द्रीय उत्तर प्रदेश संभागों में प्रवास किया।**

प्रवास का मुख्य उद्देश्य भारत लोक शिक्षा परिषद के कानपुर एवं लखनऊ चैप्टर के सभी समिति सदस्यों के साथ बैठक; नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं कार्यकर्ताओं के समन्वय स्थापित करना, समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के अलावा, गूगल शीट के माध्यम से आचार्यों के मानधन के भुगतान, DRW, दानदाता संबंधित जानकारियों को समय से उपलब्ध कराने, प्रगत संच, स्वालम्बन राष्ट्रीय समस्याओं को रोकने के लिए एक प्रहरी के रूप में एकल का कार्यरत होना आदि पर चर्चा था। श्री राजीव अग्रवाल जी ने समिति एवं कार्यकर्ताओं की बैठकों में उपरोक्त विषयों पर चर्चा की।

श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला विभाग) ने अलग से कानपुर एवं लखनऊ महिला विभाग की बैठकें की। कानपुर में महिला विभाग की करीब 45 महिला विभाग सदस्यों और लखनऊ में महिला विभाग की लगभग 11 महिला विभाग सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। बैठकों में महिला विभाग को सुदृढ़ करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श हुआ। श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी द्वारा महिला समिति की बैठकों में विभिन्न विषयों जैसे की संगठन की परिभाषा, ध्येय वाक्य, देश चिंतन, उद्घोष क्रांति, स्वावलंबन, शक्ति केंद्र (ग्राम में शक्ति केंद्र पट्टिका यां फिर दीवार लेखन), यशोदा योजना, हनुमान परिवार, शिव परिवार और शबरी परिवार, प्रगत संच, समिति एवं कार्यकर्ता का व्यवहार, अभिभावक अर्थात CTM (केयर टेकर मां), SSP (स्नेह संपर्क परिवार) आदि पर चर्चा की गई।





# दक्षिणी एवं केन्द्रीय उत्तर प्रदेश संभागों में प्रवास





**समन्वय बैठकें: -**

दक्षिणी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले, भाग बुंदेलखंड के तीन अंचल (महोबा, हमीरपुर एवं कानपुर), केन्द्रीय उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले तीन भाग (लखनऊ, अवध एवं गोरखपुर) के छह अंचलों (लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव एवं हरदोई) की समन्वय बैठक टिकारा में सम्पन्न हुई। इन बैठकों में विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई जैसे शिक्षण सामग्री के समय पर और सुचारु रूप से वितरण करना, गूगल एप का उपयोग, ग्राम सर्वेक्षण और उसके डाटा की सही प्रविष्टि MIS सॉफ्टवेयर में, ग्राम कार्य विवरण की प्रमाणिकता, प्रगत संच एवं विद्यालय के 15 बिन्दु, अभियान कार्यालयों के रखरखाव के केयर पॉइंट, समिति बंधुओं एवं विभिन्न दायित्वों पर सेवाव्रतियों के दायित्वों के सम्बन्ध के विषय पर चर्चा, दानदाता संबंधी सामग्री और विद्यालयों के छायाचित्र एवं विडियो के समय पर भेजने के विषय, नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं सेवाव्रतियों का आपस का तालमेल आदि।

**कानपुर क्षेत्र में EOW एवं अन्य प्रोजेक्ट्स का अवलोकन:**

दिनांक 02.03.2023 को Frontier Alloy Steels Ltd. द्वारा चल रही EOW और कानपुर चैप्टर महिला विभाग की अध्यक्षा, श्रीमति अनुराधा वार्ष्णेय के प्रयासों से चल रहे अन्य प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया गया।

1. किसरवाल, रानिया की एकल विद्यालय की आचार्य संगीता द्वारा चलाया जा रहा सिलाई केंद्र,
2. बेरी सवाई का सिलाई केंद्र,
3. बाघपुर में लाइब्रेरी एवं सैनिटेरी नेपकिंन (पंख) प्रोजेक्ट्स

**ग्रामोत्थान सेंटर, नैमिष का अवलोकन: -**

दिनांक 04.03.2023 को, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के ज़ोनल कोऑर्डिनैटर के दायित्व रूप में श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी ने (साथ में श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री, EBLSP रहे) नैमिष के ग्रामोत्थान सेंटर के सिलाई केंद्र, कंप्युटर लैब, जैविक खेती, गऊ पालन एवं एकल ऑन व्हील वैन का दौरा किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं के साथ चर्चा की। प्रशिक्षुओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन का कार्यक्रम बहुत सुखद रहा।






## युवा विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम (12.03.2023)

श्री राकेश बंसल जी के नेतृत्व में युवा विभाग BLSP ने एकल भवन के पास स्थित पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया | डॉ. अमित नागपाल जी (निगम पार्षद, पीतमपुरा), डॉ. शोभा विजेंदर गुप्ता जी (फाउंडर, संपूर्णा NGO) एवं ED और FD ब्लाक एसोसिएशन के गणमान्य महानुभाओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई | इस कार्यक्रम में माननीय श्री श्याम जी गुप्त का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ |













## 'राष्ट्रपिता बापू सम्मान' समारोह (12.03.2023)

भारत लोक शिक्षा परिषद्, मुख्य सहयोगी संस्था के रूप में नेशनल एक्सप्रेस द्वारा आयोजित राष्ट्रपिता बापू सम्मान समारोह की झलकियाँ






## हमारे एकल दानदाता

**महाशतकवीर**

Shri Ashok Aggarwal (M/S Globe Capital Foundation)
Shri Vivek Nagpal Ji (M/S Rosmerta Technologies Ltd.)
Shri Rakesh Tainwala (M/S Abhishri Packaging Pvt. Ltd.)

**शतकवीर**

Sh. Mahesh Aggarwal Ji (Shri Metaliks Limited )
Shri Murlidhar Gyan Chandani
& Shri Bimal Kumar Gyan Chandani (Rspl Welfare Foundation)
Shri Kishan Kumar Aggarwal
(M/S Bikanervala Namkeen Bhandar)
Sh. Prem Kishan Gupta (Gateway Distriparks Ltd.)
Shri Anurag Jaipuria Ji (Jai Beverages Pvt. Ltd.)
Shri Rajesh Gupta (M/S Multi Infratech Pvt. Ltd.)
Shri V.K.Gupta (M/S Designco Private Limited)
Narbada Steels Ltd
Shri Pramod Gupta (M/S Worldfa Exports Pvt. Ltd.)

## हमारे एकल दानदाता
### 11 से 50 एकल विद्यालय

Shri Lalit Aggarwal Ji, H/O Smt. Shashi Aggarwal
Shri Anoop Chhawchharia (M/S Anr International Pvt. Ltd.)
Smt. Sadhna Aggarwal Ji (Rachna Metal Ind. Pvt.Ltd.)
M/S Rajasthan Liquors Ltd
Shri Vikas Jain
Kajaria Ceramics Ltd
Shri Pusphaas Aggarwal, (M/S Country Infrasaturcher Pvt. Ltd.)
Ymc India Private Limited
Shri Baijnath Chaudhary
Can Fin Homes Ltd.
Shri Har Govind Singh Ji

## हमारे एकल दानदाता (1 से 10 एकल विद्यालय)

Aarshis Matrimonial Solutions
Dinesh Sanitary Stores
Dr. Sushma
Ekal Vidyalaya Foundation Of India
Employee Jindal Exports And Imports Pvt Ltd
Fcra Com Ram Chander Memorial
Forever Living Imports (In.) Pvt. Ltd.
G K Trading Co
Icertis Solutions Private Limited
Jayshree Barik
Manali Construction Co
Manovikas Trust
Master Rati Ram
Smt. Sonam Jain
Sh. P.K.Jain
Ms. Tanya Jain
Panna Lal Saraf Shanti Devi Trust
Pmt & Associates
Poonam Barathi Charitable Trust
Pramod Paper Products
Rajshree Trading Co
Sanjeevani Papers Pvt. Ltd.
Sara Fabtex
Sh. Aadesh Jain
Sh. Abhay Kumar Chandalia
Sh. Abhishek Mittal
Sh. Ajay Kumar Paliwal
Sh. Ajay Kwatra/ Sh. Kanwal Kwatra
Sh. Anil Kumar Gupta
Sh. Anil Maheshwari
Sh. Anil Mittal
Sh. Arihant Bansal
Sh. Arpit Gupta
Sh. Ashish Garg
Sh. Ashok Kumar Rai
Sh. Atul Jain
Sh. Atul Kumar Agarwal
Sh. Avnish Tayal
Sh. Bharat Bhushan Arya
Sh. Bharat Bhushan Dewan
Sh. Bharat Bhushan Mittal
Sh. Chitresh Aggarwal
Sh. Deepak
Sh. Deepak Chauhan
Sh. Dinesh Kumar Bhargava
Sh. Dinesh Kumar Sood
Sh. Dinesh Tak
Sh. Gaurav Rustagi
Sh. Ghanshyam Aggarwal
Sh. Jagdish Jhunjhun Wala
Sh. Kapil Kumar Gupta
Sh. Kaval Nayan Gera
Sh. Krishna Market
Sh. Mange Ram Aggarwal
Sh. Mangilal Pareek
Sh. Manoj Takkar
Sh. Mohit Arora
Sh. Narayan Pal
Sh. Naresh Kumar Gupta
Sh. Naveen Aggarwal
Sh. Nawal Kishore Daruka
Sh. Nikhil Gupta
Sh. Nishant Jain
Sh. Parikshit Pal
Sh. Pavan Kumar Aggarwal
Sh. Pradeep Kumar Jain
Sh. Praveen Gupta
Sh. Prem Chand Gupta
Sh. Punit Kumar Goel
Sh. R. K. Choudhary
Sh. Sh. Radhesh Chander Pal
Sh. Radhesh Chander Pal
Sh. Raj Kumar Gupta
Sh. Rajeev Kumar Bansal
Sh. Rajender Nath Talwar
Sh. Rajesh Kumar Aggarwal
Sh. Rajesh Mittal
Sh. Rajiv Kwatra
Sh. Ramesh Goel
Sh. Ran Singh Jakhar
Sh. Ravindra Kumar Bansal
Sh. Rishi Kumar Goel
Sh. S C Khaneja
Sh. Sajjan Kumar Goel
Sh. Sandeip S Nagar
Sh. Sanjay Kapoor,
Sh. Sanjay Kumar Mittal
Sh. Sant Kumar Sanganeria
Sh. Satish Chand Gupta
Sh. Satish Kumar Aggarwal
Sh. Shobha Chand Sharda
Sh. Shyam Gupta
Sh. Sitaram Sankararaman
Sh. Subhash Gupta
Sh. Sumit Goel
Sh. Sunil Gupta
Sh. Sunil Kumar Mittal
Sh. Surender Kumar Jain
Sh. Surender Palet
Sh. Suresh Kumar Gupta
Sh. Sushant Arcade
Sh. Vibhu Pal
Sh. Vikas Gupta
Sh. Vinay Gupta
Smt. Aarshi Jain
Smt. Asha Bansal
Smt. Asha Garg
Smt. Bindu Mittal
Smt. Darshana Goel
Smt. Kamlesh Goel
Smt. Kanta Goel
Smt. Kusum Agarwal
Smt. Madhu Bala Pal
Smt. Madhu Gupta
Smt. Manisha Dubey
Smt. Manisha
Smt. Manju Gupta
Smt. Meenu
Smt. Misha Sharma
Smt. Neeta Khemka
Smt. Poonam Gupta
Smt. Radhika Khemka
Smt. Renu Govila
Smt. Rita Kaushik & Sarla Gupta
Smt. Ritu Khemka
Smt. Riya Jain
Smt. Sangeeta Bansal,
Smt. Santosh Devi
Smt. Sapna Goel
Smt. Shnati Mukund
Smt. Simmi Kwatra
Smt. Sonam Jain
Smt. Sunita Goel
Smt. Tanu Mahajan
Smt. Vidhu Pal
Spa Lifestyle Pvt Ltd.

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**

प्रिय पाठक....

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा प्रत्येक तीन माह में एकल संदेश समाचार पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है । भारत लोक शिक्षा परिषद् कई वर्षो की लम्बी ऐतिहासिक यात्रा तय करके निरंतर विकासात्मक गति से आगे बढ़ रहा है। **3 मार्च 2023 को BLSP ने अपने गौरवशाली 23 वर्ष पूर्ण किये। 25 वां स्थापना दिवस, सिल्वर जुबली के रूप में बड़े धूम धाम से आप सभी के सहयोग से मनाया जायेगा।**

भारत लोक शिक्षा परिषद् नगर एवं ग्राम संगठन के मध्य समन्वय स्थापित कर शस्य-श्यामला ग्रामीण भारतीय समाज को शिक्षित कर भारत के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित भी कर रहा है।

जय श्री राम

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

**DONATE NOW**

| वार्षिक सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| 1 विद्यालय के लिए | ₹ 22,000/– | 30 विद्यालय के लिए | ₹ 6.60 लाख |
| 5 विद्यालयों के लिए | ₹ 1,10,000/– | 50 विद्यालयों के लिए | ₹ 11 लाख |
| 10 विद्यालयों के लिए | ₹ 2,20,000/– | 100 विद्यालयों के लिए | ₹ 22 लाख |

एकल अभियान से जुड़ने के लिए हमारी वेबसाइट www.ekalblspindia.org पर सम्पर्क करें
एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें -

**Bharat Lok Shiksha Parishad**
A/C No: 467902050000186, Union Bank of India, IFSC Code : UBIN 0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

इस सहयोग राशि से आपके नाम से विद्यालयों का संचालन किया जाता है एवम् इन विद्यालयों की फोटोग्राफ भी समय–समय पर आपको **WhatApp** के माध्यम से संप्रेषित किए जाते हैं साथ ही आप इन विद्यालयों की वनयात्रा भी कर सकते हैं जिससे आपको बहुत ही सुखद अनुभव की प्राप्ति होगी।

For More Info.

**मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
**केन्द्रीय कार्यालय : एकल भवन, NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034**
**संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665**
**ई मेल : administration@blspindia.org, drw@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org**

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad